an>

Title: h Need to construct a rail line between Bharatpur in Rajasthan and Kosi in Uttar Pradesh.

श्री बहादुर सिंह कोली (भरतपुर): भरतपुर (राजस्थान) से कुम्हेर, डीग नगर, कॉमा होते हुए कोसी तक रेल लाइन बिछाये जाने की माँग बहुत लम्बे समय से चली आ रही है। गोवर्धन धाम, कॉमा बृज चौरासी क्षेत्र, डीग के जल महल आदि को देखने प्रतिदिन बहुत बड़ी संख्या में पर्यटक एवं श्रृद्धालु आते हैं लेकिन रेल यातायात की सुविधा नहीं होने के कारण बहुत असुविधा हो रही है।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि भरतपुर से कोसी तक रेल लाइन बनाये जाने की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा की जाए।